
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**29 नवंबर 2025**


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सफलता उन लोगों को मिलती है जो कड़ी मेहनत करते हैं धैर्य रखते हैं और खुद पर विश्वास करते हैं।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

## मधु प्रिया

# जे.आर.डी टाटा का निधन 29 नवंबर



जे. आर. डी. टाटा का जन्म 29 जुलाई, 1904 ई. में पेरिस में हुआ था। यह रतनजी दादाभाई टाटा व उनकी फ्रांसीसी पत्नी सुजैन ब्रियरे की दूसरी संतान थे। उनके पिता भारत के अग्रणी उद्योगपति जमशेदजी टाटा के चचेरे भाई थे। जे. आर. डी. टाटा की माँ फ्रांसीसी थीं, इसलिए उनके बचपन का ज्यादातर वक़्त फ़्राँस में बीता, इसलिए फ्रेंच उनकी पहली भाषा थी। उन्होंने कैथेडरल और जॉन कोनोन स्कूल मुंबई में अपनी पढ़ाई पूरी की। जे. आर. डी. ने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई 'कैंब्रिज विश्वविद्यालय' से की थी। मात्र 34 वर्ष की आयु में वे टाटा संस के चेयरमैन बने। दशकों तक उन्होंने विशालकाय टाटा समूह की कंपनियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपनी पैतृक कम्पनी के अध्यक्ष पद पर पहुँचने से पहले सबसे नीचे स्तर से काम सम्भालना सीखा। जे. आर. डी. टाटा के योगदानों के कारण उन्हें दुनिया भर के तमाम पुरस्कारों से नवाजा गया। 1954 में फ़्राँस ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिकता पुरस्कार 'लीजन ऑफ द ऑनर' से नवाजा। 1957 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किया। 1988 में उन्हें 'गुगेनहीम मेडल फॉर एवियेशन' प्रदान किया गया। 1992 में भारत सरकार ने अपने इस सपूत को देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। उसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत में जनसंख्या नियंत्रण में अहम योगदान देने के लिए 'यूनाइटेड नेशन पापुलेशन आवार्ड' से सम्मानित किया। इस प्रकार उन्हें अपने उद्योग के विभिन्न समूहों को समझने का अवसर मिला। इसी जानकारी से वे उद्योग को विभिन्न दिशाओं में बढ़ाने में सफल हुए।अनेक संस्थाओं और विश्वविद्यालयों द्वारा सम्मानित जे. आर. डी. टाटा का 89 वर्ष की आयु में वर्ष 29 नवम्बर, 1993 में जिनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में निधन हो गया। उनकी मृत्यु पर संसद ने अपनी कार्रवाई स्थगित कर दी थी। यह एक ऐसा सम्मान था, जो आमतौर पर केवल सांसदों को ही नसीब होता है। मरणोपरांत उन्हें पेरिस में ही दफ़नाया गया। जे. आर. डी. टाटा के योगदानों के कारण उन्हें दुनिया भर के तमाम पुरस्कारों से नवाजा गया। 1954 में फ्रांस ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिकता पुरस्कार 'लीजन ऑफ द ऑनर' से नवाजा। 1957 में भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म विभूषण' से अलंकृत किया। 1988 में उन्हें 'गुगेनहीम मेडल फॉर एवियेशन' प्रदान किया गया। 1992 में भारत सरकार ने अपने इस सपूत को देश के सर्वोच्च अलंकरण 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। उसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत में जनसंख्या नियंत्रण में अहम योगदान देने के लिए 'यूनाइटेड नेशन पापुलेशन आवार्ड' से सम्मानित किया।

# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 29 नवंबर



अपनी सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध

# ठक्कर बाप्पा जी


**ठक्कर बाप्पा** *Thakkar Bapa*, जन्म- 29 नवंबर, 1869, ज़िला भावनगर, गुजरात; मृत्यु- 20 जनवरी, 1951) अपने सेवा कार्यों के लिये प्रसिद्ध थे। उनकी सेवा-भावना का स्मरण करके ही डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था- "जब-जब नि:स्वार्थ सेवकों की याद आएगी, ठक्कर बाप्पा की मूर्ती आंखों के सामने आकर खड़ी हो जायेगी।" देश की स्वाधीनता के बाद ठक्कर बाप्पा कुछ समय तक संसद के भी सदस्य रहे थे।

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: November 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **01.11.2025** | भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी ( प्राथमिक उपचार, सी.पी. आर. )  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **08.11.2025** | डूबने से बचाव एवं नाव दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **15.11.2025** | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल )  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **22.11.2025** | शीतलहर से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी  |



**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

www.teachersofbihar.org

# TOB खेल कॉर्नर

## भारतीय विमेंस टीम लगातार दूसरी बार कबड्डी वर्ल्ड चैंपियन: फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराया; टूर्नामेंट में सभी मैच जीते



## विमेंस कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारत

| तारीख | स्कोर | स्टेज |
|---|---|---|
| 18 नवंबर | भारत 65-20 थाईलैंड | ग्रुप A |
| 19 नवंबर | भारत 43-18 बांग्लादेश | ग्रुप A |
| 20 नवंबर | भारत 63-22 जर्मनी | ग्रुप A |
| 21 नवंबर | भारत 51-16 युगांडा | ग्रुप A |
| 23 नवंबर | भारत 33-21 ईरान | सेमीफाइनल |
| 24 नवंबर | भारत 35-28 चीनी ताइपे | फाइनल |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.11.2025

## अनुच्छेद लेखन

अनुच्छेद लेखन एक महत्वपूर्ण लेखन रूप है जिसमें एक विषय को संक्षेप में विस्तार से व्यक्त किया जाता है। इसमें एक प्राथमिक विचार प्रस्तुत किया जाता है, जिसे विभाजित किया जाता है और उसे प्रमुख बिंदुओं में विस्तार से व्याख्या किया जाता है। अनुच्छेद लेखन के द्वारा विचारों को स्पष्ट और संगठित ढंग से प्रस्तुत किया जा सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



# पद्य पंकज

"

मैंने स्वप्न देखा कि
जीवन आनंद है,
मै जागा और पाया कि
जीवन सेवा है,
मैनें सेवा की और पाया कि
सेवा में ही आनंद है।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# जेआरडी टाटा

जन्म - 29 जुलाई 1904

मृत्यु - 29 नवंबर 1993

www.teachersofbihar.org

M.priya